जैव विविधता के महत्व के बारे में दी जानकारी

जासं, छपरा: शहर के प्रेक्षागृह में शुक्रवार को जिला के सभी पंचायतों, पंचायत समिति एवं जिला परिषद के स्तर पर गठित जैव विविधता प्रबंधन समितियों के अध्यक्षों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद एवं सारण वन प्रमंडल छपरा द्वारा आयोजित किया गया। बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद जैव विविधता अधिनियम-2002 के अन्तर्गत गठित सरकार का एक स्वायत सांविधिक निकाय है।

जैव विविधता की कार्यशाला में मौजूद अतिथि • जागरण

इस पर्षद के द्वारा सारण जिला में पंचायत स्तर पर 318, प्रखण्ड स्तर पर 20 एवं जिला स्तर पर 1 समिति का गठन किया गया है। बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद सचिव डा. के गणेश कुमार ने जैव विविधता अधिनियम-2002 की धारा-41 (1), जैव विविधता नियमावली के बारे में जानकारी दी।

जैव विविधता प्रबंधन समिति का मुख्य कार्य स्थानीय जनों को परामर्श से जन जैव विविधता पंजी को तैयार करना है। उप निदेशक बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद सुनिल कुमार सिन्हा ने जैव विविधता पर्षद् की कार्य के बारे में बताया। वन प्रमंडल पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकरी राम सुन्दर एम ने जैव विविधता अधिनियम के अन्तर्गत जैव संशाधन तक पहुंचने एवं लाभ सहभाजन विषय पर चर्चा की। क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक एके द्विवेदी ने भूमि प्रजातियों, लोक किस्म, किस्म पालतू जानवरो और सूक्ष्मजीवों की नस्लों का संरक्षण के बारे में जानकारी दी। इसके पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष जयमित्रा देवी ने दीप प्रज्ज्वलित उद्घाटन किया।